# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

विज्ञप्ति संख्या : संस्थापन / 2012 / 01 दिनांक 29 दिसम्बर, 2012

## परिचारक भर्ती हेतु विज्ञप्ति

**ऑन–लाईन आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 05 जनवरी, 2013 से प्रारम्भ होकर 21 जनवरी, 2013 रात्रि 12.00 बजे तक जारी रहेगी।**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कर्मचारी सेवा विनियम, 2004 के अन्तर्गत परिचारक के निम्नानुसार 81 रिक्त पदों हेतु ऑन लाईन आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क के साथ आमंत्रित किये जाते हैं :–

| अनारक्षितः 42 | | पिछड़ा वर्गः 17 (21 प्रतिशत) | | अनु. जातिः 12 (16 प्रतिशत) | | अनु. जन जातिः 09 (12 प्रतिशत) | | विशेष पिछड़ा वर्ग | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल | महिला | कुल | महिला | कुल | महिला | कुल | महिला | 01 | 81 |
| 42 | 13 (न्यूनतम) | 17 | 04 (न्यूनतम) | 12 | 04 (न्यूनतम) | 09 | 03 (न्यूनतम) | | |
| | 10 अन्य, 03 विधवा | | 03 अन्य 01 विधवा | | 03 अन्य 01 विधवा | | | | |

- आरक्षण की स्थिति एवं नियुक्ति प्रक्रिया राज्य सरकार के निर्देशों एवं नवीनतम नियमों के अध्यधीन परिवर्तनीय होगी।
- उक्त में नियमानुसार भूतपूर्व सैनिक के 12 पद एवं निशक्तजन के 02 पद (01 पद अन्धता या निम्न दृष्टि, 01 पद श्रवणशक्ति क्षीणता) के लिये क्षेतिज आरक्षित रहेगा।

1. **शैक्षणिक योग्यता** :– किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से आठवीं कक्षा पास।

2. **अधिमान्य** (Preferable) :–

   **''परिचारक पद हेतु बोर्ड / राजकीय विश्वविद्यालय / राजस्थान लोक सेवा आयोग में परीक्षा अथवा गोपनीय कार्य करने के अनुभवी को प्राथमिकता दी जावेगी।''**

3. **पद का वेतनमान** :– 02 वर्ष की परिवीक्षा काल अवधि में रूपये 4850 / – प्रतिमाह फिक्स तथा उक्त अवधि संतोषजनक पूर्ण करने पर वेतनमान 4750–7440 ग्रेड पे 1300 देय होगा। अंशदायी पेंशन योजना लागू होगी।

4. **आयु** :– आवेदक दिनांक 01.01.2013 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका हो और 35 वर्ष का नहीं हुआ हो। (परन्तु अधिकतम आयु सीमा में छूट विद्यमान नियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार होगी।)

5. **आवेदन प्रक्रिया** : आवेदन पत्र बोर्ड की वेबसाईट http://rajeduboard.nic.in पर ऑनलाईन भरे जाएंगे, जिन्हे राज्य के किसी भी ई–मित्र क्योस्क, जन सुविधा केन्द्र (CSC) साइबर कैफे अथवा इन्टरनेट युक्त किसी भी कम्प्यूटर के माध्यम से भरा जा सकता हैं। **ऑनलाईन आवेदन दिनांक 05 जनवरी, 2013 से 21 जनवरी, 2013 (मध्यरात्रि) तक किया जा सकेगा।** ऑनलाईन आवेदन पत्र व चालान की हार्डकॉपी प्रिन्ट करनी होगी। ऑनलाईन आवेदन पत्र व चालान का क्रमांक एक ही होगा। अभ्यर्थी मूल आवेदन पत्र तथा आवेदन शुल्क जमा का मूल बैक चालान अपने पास सुरक्षित रखें, जिसे बोर्ड द्वारा मांगे जाने पर जमा करवाना होगा।

6. **आवेदन शुल्क** : आवेदन शुल्क बैंक चालान 3 प्रतियों में मय शुल्क विवरण ऑनलाईन ही प्राप्त होगा जिस पर Validity Date कम्प्यूटर द्वारा अंकित होगी। अन्तिम तिथि 21.01.2013 को आवेदित किये गये आवेदन पत्रों का शुल्क चालान के माध्यम से आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की राजस्थान स्थित किसी भी शाखा में दिनांक 22 जनवरी, 2013 को बैंक समय में जमा कराना होगा। बैंक द्वारा शुल्क जमा करने के पश्चात् चालान फार्म की 2 प्रतियां वापस लौटा दी जावेंगी। बैंक द्वारा चालान फार्म पर Transaction ID अंकित किया जावेंगा।

   आवेदन शुल्क निम्नानुसार हैंः–
   (क) सामान्य वर्ग के आवेदक हेतु – रूपये 500 / –
   (ख) अन्य पिछड़ा वर्ग / विशेष पिछड़ा वर्ग / अनु. जाति / अनु. जनजाति के आवेदक हेतु – रूपये 250 / –
   (ग) निःशक्तजन आवेदक हेतु – रूपये 150 / –

7. **चयन प्रक्रिया** :– नियुक्ति बोर्ड द्वारा गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार उपरान्त की गई सिफारिश के आधार पर की जायेगी। यदि आवेदन पत्र अधिक संख्या में भरे जाते है तो संवीक्षा परीक्षा का आयोजन कराया जा सकेगा।

8. आवेदकों की सुविधा हेतु विस्तृत भर्ती सूचना, बोर्ड की वेबसाईट http://www.rajeduboard.nic.in, बोर्ड कार्यालय सूचना पट्ट एवं संभागीय मुख्यालयों पर स्थित बोर्ड से सम्बद्ध सभी विद्यार्थी सेवा केन्द्रों पर दिनांक 05.01.2013 से पूर्व उपलब्ध करा दी जायेगी।

(एम. आर. शर्मा)
सचिव